# त्रैमासिक परीक्षा 2023-24

## कक्षा-10 (Set-C)

## विषय- सामाजिक विज्ञान

समय -3 घंटा पूर्णांक-75 अंक

निर्देश

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 06 अंक एवं सत्य /असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक 12 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।
5. प्रश्न क्रमांक18 से 20 तक 03 प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं
6. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक 03 प्रश्न हैं,प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं |
7. प्रश्न क्रमांक 23 मानचित्र आधारित प्रश्न है। प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं| मानचित्र पूर्ति कर उत्तर पुस्तिका में संलग्न करें|

**प्रश्न-1 निम्नलिखि प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 1X6=6**

1. अवनालिका अपरदन मृदा को बनाता है-

   (क) कृषि के लिए अनुपयुक्त (ख) कृषि के लिए उपयुक्त

   (ग) चरागाह के लिए उपयुक्त (घ) वनों के लिए उपयुक्त
2. निम्नलिखित में से स्थाई वनों का सर्वाधिक क्षेत्र किस राज्य में स्थित है?

   (अ) हरियाणा (ब) राजस्थान

   (स) पंजाब (द) मध्य प्रदेश
3. बांधों को "आधुनिक भारत का मंदिर" किसने कहा ?

   (अ) महात्मा गांधी (ब) जवाहरलाल नेहरु

   (स) भगत सिंह (द) लाल बहादुर शास्त्री
4. 1918 में गांधीजी सूती कपड़ा कारखानों के मजदूरों के बीच सत्याग्रह आंदोलन चलाने कहां पहुंचे थे?

   (अ ) सूरत (ब) बड़ौदा

   (स ) अहमदाबाद (द) गांधीनगर
5. 1804 के नागरिक संहिता, जिसे आमतौर पर नेपोलियन संहिता के रूप में जाना जाता है, के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

   (अ) संपत्ति का अधिकार सुरक्षित किया (ब) कानून के समक्ष समानता स्थापित की

   (स) जन्म के आधार पर सभी विशेषाधिकार हटा दिए गए (द) उपरोक्त सभी
6. एच. डी. आई. का पूरा नाम क्या है?

   (अ) मानव विकास सूचकांक (ब) मानव विकास संकेतक

   (स) उच्च विकास सूचकांक (द) बाधित विकास संकेतक

**प्रश्न-2 . रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-:-** **1X6=6**

1. भारत में स्थानांतरी (झूम) खेती मुख्यतः ........... क्षेत्रों में की जाती हैं ?
2. राष्ट्रवाद को चित्रों के माध्यम से दर्शानेवाला फ्रांसीसी कलाकार............ है।
3. जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में, कांग्रेस ने .............में भारत के लिए 'पूर्ण स्वराज' या पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को औपचारिक रूप दिया।
4. .........अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी मुक्त व्यापार की अनुमति देती है और देशों के बीच आपसी व्यापार पर काम करती है।
5. भारत में सरकार के विभिन्न अंगों के बीच शक्तियों का विभाजन ............कहा जाता है।
6. ...........संगठन मानव विकास रिपोर्ट प्रकाशित करता है।

**प्रश्न- 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में लिखिए : -** **1X6=6**

1. 19वीं सदी के मध्य में इटली 10 राज्यों में बंटा था।
2. भारत के राष्ट्रवादी नेताओं ने गिरमिटिया मजदूरों के प्रवास की व्यवस्था को अपमानजनक और क्रूर बताकर इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इसे 1931 में समाप्त कर दिया गया था।
3. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।
4. जीडीपी (G.D.P.) का पूरा नाम सकल घरेलु उत्पात कहलाता है।
5. केरल राज्य का मानव विकास सूचकांक सर्बाधिक हैं
6. स्थिर आय नहीं होने से काम के अवसर में कमी होती है।

**प्रश्न-4 सही जोड़ी बनाइए-** **1X6=6**

| **कॉलम अ** | **कॉलम ब** |
|---|---|
| 1. प्रोजेक्ट टाईगर योजना | (अ) द्वितीयक क्षेत्रक |
| 2. विमुद्रीकरण | (ब) चंबल नदी |
| 3. भारतीय वन्य जीव अधिनियम | (स) 1972 ई. |
| 4. राणा प्रताप सागर बाँध | (द) वर्ष1973ई. |
| 5. रोलेट एक्ट | (ई) 2016 ई. |
| 6. उद्योग ,कारखाना | (फ) 1919 ई. |

**प्रश्न-5 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए :-** **1X6=6**

1. बाल्कन क्षेत्र में सम्मिलित देशों के नाम लिखिए।
2. पूर्ण स्वंतत्रता का प्रस्ताव कब पारित हुआ था ?
3. जी-77 (G-77) क्या हैं?
4. बेल्जियम किस महाद्विप में स्थित है।
5. प्रक्च्छन् / छिपी बेरोजगारी किस क्षेत्र में पाई जाती है ।
6. कृषि क्षेत्र में कौन सी बेरोजगारी पाई जाती हैं?

प्रश्न-6 मरुस्थलीय मृदा की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

संसाधनों के अति दोहन से उत्पन्न हुई कोई दो समस्याएं लिखिए?

प्रश्न-7 पारिस्थितिक तंत्र किसे कहते हैं ? 2

अथवा

वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संकटग्रस्त जातियों को बचाने हेतु क्या नियम बनाए गए?

प्रश्न-8 भाखड़ा-नांगल परियोजना का एक उद्देश्य लिखिए। 2

अथवा

बांस ड्रिप सिंचाई प्रणाली किस राज्य में की जाती हैं ।

प्रश्न-09 बाल्कन प्रदेशों में राष्ट्रवादी तनाव क्यों उत्पन्न हुआ ? 2

अथवा

'काउंट कैमिलो दे कावूर' पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न- 10 महात्मा गाँधी ने अपनी पुस्तक 'हिंद स्वराज' में भारत में ब्रिटिश शासन के बारे में लिखा है कोई दो तथ्य लिखिए ? 2

अथवा

'पूर्ण स्वराज' की मांग के बारे में क्या जानते है ? लिखिए।

प्रश्न-11 जालियांवाले बाग हत्याकांड पर टिप्पणी लिखिए। 2

अथवा

ज्यादातर मुस्लिम संगठनों ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन के प्रति रूचि नहीं दिखाई, क्यों ?

प्रश्न-12 वैश्वीकरण का क्या अर्थ हैं? 2

अथवा

सर हैनरी मार्टन स्टैनली कौन थे, और वह क्यों प्रसिद्ध थे ?

प्रश्न-13 एकात्मक शासन व्यवस्था के दोष लिखिए। 2

अथवा

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को संक्षिप्त में लिखिए।

प्रश्न-14 विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार समृद्ध देश एवं निम्न आय वाले देश के मानक क्या क्या हैं ? 2

अथवा

शिशु मृत्यु दर से आप क्या समझते हैं? भारत में शिशु मृत्यु दर वर्तमान में कितनी हैं ?

प्रश्न-15 संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ लिखिए 2

अथवा

प्राथमिक क्षेत्र में सुधार के तीन सुझाव लिखिए।

प्रश्न -16 विकशित एवं विकासशील देशो की तुलना कीजिए 2

अथवा

भारत एक विकासशील देश हैं ; दो कथन लिखिए

प्रश्न-17 बैंकों की आय के मुख्य दो स्रोत कौन-कौन से हैं लिखिए 2

अथवा

साख के मुख्य स्रोतों को लिखिए

प्रश्न- 18 जैव विविधता को प्रभावित करने वाले कोई तीन कारक लिखिए। । 3

अथवा

वन्य प्राणी संरक्षण के कोई तीन उपाय लिखिये ।

प्रश्न-19 इटली के एकीकरण में ज्युसेपे मेत्सिनी के योगदान का वर्णन कीजिए।

अथवा

भारती अर्थव्यवस्था पर 1929 ई. के महामंदी का क्या प्रभाव पड़ा ? लिखिए । 3

अथवा

प्रश्न-20 भारत के तीन ऐसे राज्यों के नाम बताइए जिनका विभाजन कर नया राज्य बनाया गया है। 3

अथवा

संघात्मक शासन व्यबस्था की तीन विशेषता लिखिए ।

प्रश्न-21 संसाधन नियोजन क्यों आवश्यक है ? संसाधन नियोजन के सोपान लिखिए । 4

अथवा

मृदा-परिच्छेदिका से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए ।


प्रश्न-22 इतिहास की पुनर्व्याख्या राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का एक साधन था। स्पष्ट कीजिए? 4

अथवा

महात्मा गाँधी के अनुसार, सामाजिक अपंगता केवल 'राजनीतिक सशक्तीकरण' से ही दूर हो सकती है। स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न-23 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्ही चार स्थानों को पहचान कर दर्शाइए – 4

(i) सरिस्का बाघ रिज़र्व (ii) थार का मरुस्थल (iii) मरूस्थली मिट्टी (iv) हीराकुण्ड़ा बाध (v) महानदी (vi) सरदार सरोबर बांध (vii) श्रिंगवेरा 'उत्कृष्ट जल संग्रहण तंत्र' (viii) भांखडानंगल



Kms 0 250 500 Kms
Projection : Lambert Conical Orthomorphic
STD ....... SEC ....... TEACHER'S SIGNATURE